Rajasthan News: Shahpura में बन रहा नकली पनीर और दूध, 970 किलो नकली पनीर, 1700 लीटर नकली दूध किए गए नष्ट

Rajasthan News: Shahpura के तमिया खेल स्टेडियम के पास पुलिस ने तेल व चूना पाउडर मिलाकर नकली पनीर बनाने की फैक्ट्री पर कार्रवाई की. हैरानी की बात ये है कि यहां ये फैक्ट्री कई दिनों से चल रही थी. जिस पर किसी की नजर नहीं थी.

पुलिस ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर 970 किलो नकली पनीर, 1700 लीटर नकली दूध, 300 किलो नकली क्रीम को नष्ट करवाया. पुलिस ने फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार कर लिया. खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतनलाल गोदारा ने मीडिया को बताया कि बिना लाइसेंस के ही पनीर बनाने की फैक्ट्री संचालित मिली. अवैध रूप से बायलर लगा रखा था. फैक्ट्री पर करीब 6 माह पहले भी कार्रवाई की गई थी.

शाहपुरा थानाप्रभारी रामलाल मीणा ने बताया कि नकली पनीर के व्यापार होने की सूचना मिली थी, जिस पर पनीर बनाने वाले कारखाने पर छापा मारा. जहां तेल व चूना पाउडर मिलाकर पनीर बनाते पाया गया. सूचना पर खाद्य विभाग के अधिकारी रतन गोदारा, नरेश कुमार व पवन कुमार की टीम मौके पर पहुंची और सैंपल लिए. इस दौरान 970 किलो नकली पनीर व 1700 लीटर नकली दूध, 300 किलो नकली क्रीम को नष्ट करवाया.

Source: https://lalluram.com/rajasthan-news-fake-cheese-and-milk-being-made-in-shahpura-970-kg-fake-cheese-1700-liters-of-fake-milk-destroyed/